1986 अथवा 1987 (31-7-1987 तक) ऐसी किसी घटना की सूचना नहीं दी गयी है।

1985 की दो घटनाओं में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था और 2000 रुपए की राशि बरामद की गई थी।

(ख) निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:-

(i) बैंकों की बीट और डिवीजन अधिकारियों तथा पुलिस नियंत्रण कक्ष के वाहनों द्वारा भी सुरक्षा की जाती है।

(ii) अधिकांश बैंकों में अलार्म प्रणाली की व्यवस्था की गयी है।

(iii) बैंक प्राधिकारियों के अनुरोध पर बन्दूक के लाइसेंस जारी किए जाते हैं और बैंक सुरक्षा गार्डों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

(iv) बैंक शाखाओं के निकट सशस्त्र गश्त बढ़ा दी गयी है।

हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण में सुधार

3519. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली प्रशासन के तकनीकी शिक्षा निदेशालय को हिन्दी आशुलिपि के प्रशिक्षण में सुधार लाने के लिए हाल ही में कुछ सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो ये सुझाव कब प्राप्त हुए थे; और

(ग) प्रशासन ने इन सुझावों को क्रियान्वित करने के क्या उपाय किए हैं?

श्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० ए० संगमा) : (क) जी, हां।

(ख) सुझाव समय-समय पर प्राप्त हुए और नवीनतम संदर्भ 16-10-86 को प्राप्त हुआ।

(ग) भारत सरकार रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा अनमोदित संदर्भ पुस्तकों की खरीद के संबंध में सुझाव दिल्ली संघ शासित क्षेत्र के सभी संस्थानों को 8-9-86 और 18-11-86 को परिचालित किए गए थे।

Bus passengers killed In Punjab.; Haryana and Uttar Pradesh

3520. SHRI S. S. AHLUWALIA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether he is aware that a number of bus passengers have been murdered during the last two years in Punjab, Haryana and Uttar Pra desh during the period from 1st July, 1985 to 31st July, 1987;

(b) if so, what are the details of each incident;

(c) what is the number of arrests made in connection with each case; and

(d) what action has been taken so far by Government against the persons apprehended?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. CHIDAMBARAM): (a) to (d) The information furnished by the Governments of Punjab and Haryana is given in the attached statement. (See below).

The Government of Uttar Pradesh have informed that no bus passenger was killed in the State by the terrorists.